तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **तृप्ति** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353551793336794	
18/05/26	अपीलार्थी तृप्ति निवासी 8, गोल्फ कोर्स, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 13.03.2026 मेसर्स न्यू लाइट आर्ट वर्क्स, तकिया चंद शाह, सोजती गेट, जोधपुर से संबंधित संपूर्ण फाइल की प्रति प्रदान करने के संबंध व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट 637 दिनांक 06.05.2026 द्वारा अवगत करवाया की अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना की पत्रावली कार्यालय हाजा में संधारित नहीं होने के कारण सूचना उपलब्ध करवाया जाना संभव नहीं है। इस संबंध में कार्यालय के पत्र दिनांक 06.05.2026 द्वारा अपीलार्थी को सूचित कर दिया गया है। अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (आलोक रंजन) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Alok Ranjan
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.20 16:34:51 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 22285179
M e-Sign